# PAPER-II
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

2. (Signature) ___________________________

   (Name) ______________________________

OMR Sheet No. : ............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.__________________________________

(In words)

**J A 0 0 9 1 7**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
   (iv) The test booklet no. and OMR sheet no. should be same. In case of discrepancy in the number, the candidate should immediately report the matter to the invigilator for replacement of the Test Booklet / OMR Sheet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④
   where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet on conclusion of examination.
10. **Use only Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
   (iv) प्रश्न पुस्तिका नं. और OMR पत्रक नं. समान होने चाहिए । यदि नंबर भिन्न हों, तो परीक्षार्थी प्रश्न-पुस्तिका / OMR पत्रक बदलने के लिए निरीक्षक को तुरंत सूचित करें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है :
   **उदाहरण :** ① ② ● ④
   जबकि (3) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

## EDUCATION

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Select a proper combination for the answer.

The study of philosophy by a teacher helps him/her.

i. learn the concepts of education easily

ii. think in a holistic perspective

iii. take a logical view of the world and reality

iv. attain confidence in planning how to teach

v. develop a critical framework

**Codes :**

(1) i, ii, iv and v (2) i, ii, iii and v

(3) ii, iii, iv and v (4) ii, iii and v

**2.** The reality is in the constant flux, hence knowledge is essentially relative in nature. Who among the following educators will favour this proposition ?

(1) Immanuel Kant (2) John Dewey

(3) David Hume (4) Leibnitz

**3.** Which of the following statements finds support from an existentialist teacher ?

(1) Education is value centric. (2) Education is instinctive.

(3) Education is contextual. (4) Education is perennial.

**4.** Which of the following schools of philosophy regards education as a means for social growth and economic production ?

(1) Idealism (2) Realism

(3) Naturalism (4) Marxism

**5.** In the framework of Sankhya stipulation, which of the following will not be considered acceptable ?

(1) Prakriti is trigunatmak. (2) Prakriti is subtle.

(3) Prakriti is directly visible. (4) Prakriti is by nature evolutionary.

**6.** Which Indian school of thought considers all knowledge as relative ?

(1) Buddhism (2) Vedant

(3) Jainism (4) Islam

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** अपने उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन करें :

शिक्षक द्वारा दर्शन का अध्ययन उसे सहायता करता है :

i. शिक्षा की अवधारणाओं को आसानी से समझने में ।

ii. समग्र परिप्रेक्ष्य में सोचने में ।

iii. जगत और यथार्थ के प्रति तार्किक दृष्टिकोण रखने में ।

iv. शिक्षण हेतु योजना बनाने के लिए आत्मविश्वास प्राप्त करने में ।

v. समालोचनात्मक रूपरेखा तैयार करने में ।

**कूट :**

(1) i, ii, iv और v (2) i, ii, iii और v

(3) ii, iii, iv और v (4) ii, iii और v

**2.** यथार्थ निरंतर परिवर्तनशील है, इसलिए ज्ञान का स्वरूप अनिवार्यत: सापेक्षिक होता है । निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षाविद् इस कथन का समर्थन करेगा ?

(1) इमेनुअल कांट (2) जॉन डीवी

(3) डेविड ह्यूम (4) लाइबनित्ज

**3.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन एक अस्तित्ववादी शिक्षक द्वारा समर्थन प्राप्त करता है ?

(1) शिक्षा मूल्य केन्द्रित है । (2) शिक्षा स्वाभाविक है ।

(3) शिक्षा संदर्भात्मक है । (4) शिक्षा शाश्वत् है ।

**4.** निम्नलिखित में से कौन सी दार्शनिक विचारधारा शिक्षा को सामाजिक विकास और आर्थिक उत्पादन का माध्यम मानती है ?

(1) आदर्शवाद (2) यथार्थवाद

(3) प्रकृतिवाद (4) मार्क्सवाद

**5.** सांख्य दर्शन के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित में से किसे स्वाकार्य नहीं माना जाता है ?

(1) प्रकृति त्रिगुणात्मक है । (2) प्रकृति सूक्ष्म है ।

(3) प्रकृति प्रत्यक्ष रूप से दर्शनीय है । (4) प्रकृति स्वभाव से विकासमूलक है ।

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी भारतीय चिंतन विचारधारा समस्त ज्ञान को सापेक्ष मानती है ?

(1) बौद्ध (2) वेदांत

(3) जैन (4) इस्लाम

**7.** Match the items of List-I with that of List-II and select the appropriate code :

| List-I (Thinkers) | | List-II (Premier Organisation) | |
|---|---|---|---|
| (a) | Gandhi | (i) | Rishi valley school |
| (b) | Tagore | (ii) | Tolstoy Farm |
| (c) | Aurobindo | (iii) | Saraswati Vidya Mandir |
| (d) | Vivekananda | (iv) | Mirambika |
| | | (v) | Ram Krishna School |
| | | (vi) | Shri Niketan |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii, | vi, | iv, | v |
| (2) | i, | vi, | iii, | v |
| (3) | ii, | iv, | iii, | vi |
| (4) | vi, | ii, | iv, | iii |

**8.** Which of the following core content will not conform to Gandhiji's views ?

(1) Language
(2) Social studies
(3) Vocational skills
(4) Genetic Engineering

**9.** Which of the following constitutional values gets endorsed through reservation policy in education ?

(1) Liberty
(2) Equality
(3) Fraternity
(4) Humanity

**10.** The main purpose of education should be the integrated development of the person. Who has offered a model in this regard ?

(1) Aurobindo
(2) Tagore
(3) Gandhi
(4) Vivekananda

**11.** Which combination of measures in the list given below is likely to ensure social equity and equality of educational opportunity ?

i. The education of girl child should be organized separately.
ii. Each child should be provided an opportunity to grow, develop and flourish.
iii. Education of tribal children should be given priority as against the non-tribals.
iv. Curriculum at the school level should be diversified to cater the diverse needs of students.
v. Moral education should form a part of every school curriculum.
vi. The multiplicity of methods and approaches should be emphasized in school systems.

Select the correct code :

**Codes :**

(1) i, ii and iii
(2) iv, v and ii
(3) ii, iv and vi
(4) iii, iv and v

**7.** सूची-I का सूची-II से मिलान करें और उपयुक्त कूट का चयन करें :

| **सूची-I (विचारक)** | **सूची-II (प्रमुख संस्था)** |
|---|---|
| (a) गांधी | (i) ऋषि वैली स्कूल |
| (b) टैगोर | (ii) टालस्टॉय फार्म |
| (c) अरविंदो | (iii) सरस्वती विद्या मंदिर |
| (d) विवेकानंद | (iv) मीराम्बिका |
| | (v) रामकृष्ण स्कूल |
| | (vi) श्री निकेतन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii, | vi, | iv, | v |
| (2) | i, | vi, | iii, | v |
| (3) | ii, | iv, | iii, | vi |
| (4) | vi, | ii, | iv, | iii |

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी मुख्य विषयवस्तु गांधीजी के विचारों के अनुरूप नहीं है ?

(1) भाषा
(2) सामाजिक अध्ययन
(3) व्यावसायिक कौशल
(4) आनुवंशिक इंजीनियरी

**9.** शिक्षा में आरक्षण नीति के माध्यम से निम्नलिखित में किस सांविधानिक मूल्य को समर्थन मिलता है ?

(1) स्वतंत्रता
(2) समानता
(3) भ्रातृत्व
(4) मानवता

**10.** शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का समेकित विकास होना चाहिए । इस संबंध में किसने प्रतिमान प्रस्तुत किया था ?

(1) अरबिन्दो
(2) टैगोर
(3) गांधी
(4) विवेकानंद

**11.** नीचे दी गई सूची में से किन उपायों के संयोजन से सामाजिक साम्यता और शैक्षणिक अवसर की समानता सुनिश्चित होने की संभावना है ?

i. बालिकाओं की शिक्षा के लिए पृथक् व्यवस्था होनी चाहिए ।
ii. प्रत्येक बालक को आगे बढ़ने, विकास करने और प्रगति करने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए ।
iii. जनजातीय समुदाय के बच्चों को गैर-जनजातीय समुदाय के बच्चों की अपेक्षा अधिमान्यता दी जानी चाहिए ।
iv. विद्यालय स्तर के पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वैविध्यपूर्ण बनाया जाना चाहिए ।
v. प्रत्येक स्कूली पाठ्यक्रम में नैतिक शिक्षा को शामिल किया जाना चाहिए ।
vi. विद्यालय तंत्र में अनेक पद्धतियों और उपागमों पर जोर दिया जाना चाहिए ।

सही कूट चुनिए :

**कूट :**

(1) i, ii और iii
(2) iv, v और ii
(3) ii, iv और vi
(4) iii, iv और v

**12.** In the following two sets, Set-I gives the specific disciplines while Set-II provides the major concerns of the disciplines. Match the two sets :

| **Set-I (Disciplines)** | **Set-II (Focus of Concern)** |
|---|---|
| (a) Politics | (i) Promoting human values |
| (b) Culture | (ii) Encouraging a sense of equity and justice |
| (c) Democracy | (iii) Sustaining power |
| (d) Religion | (iv) Imbibing modes of behaviour and values |
| | (v) Transforming people |

Select the correct code :

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (v) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**13.** Role conflict and issues of collaboration are most relevant to which of the following disciplines ?

(1) Cultural Anthropology
(2) Educational Sociology
(3) Politics and Education
(4) Value based Education

**14.** According to educational sociologists the role of education should focus on

(1) Social integration among the groups
(2) Enculturation of participants in education
(3) Social mobility of the downtrodden
(4) Modification of values of teachers

**15.** Education is considered as a sub-system of a social system because :

(1) It provides essential service that society has to provide to the people.
(2) It has a complex structure.
(3) It has well defined objectives and functions to promote adaptations.
(4) It has various interacting components determining social goals.

**12.** निम्नलिखित दो समुच्चयों में, समुच्चय-I में विशिष्ट विधा दी गयी है, जबकि समुच्चय-II में उनसे संबंधित मुख्य क्षेत्र हैं । इन दोनों समुच्चयों को सुमेलित कीजिए :

| **सूची-I (विधा)** | | **सूची-II (संबंधित क्षेत्र)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | राजनीति | (i) | मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना । |
| (b) | संस्कृति | (ii) | साम्यता और न्याय की भावना को बढ़ावा देना । |
| (c) | लोकतंत्र | (iii) | सत्ता कायम रखना । |
| (d) | धर्म | (iv) | व्यवहार और मूल्यों की अभिव्यक्तियों को आत्मसात् करना । |
| | | (v) | लोगों में बदलाव लाना । |

दिए गए विकल्प में से सही कूट चुनिए :

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (v) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (3) | (v) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**13.** भूमिका द्वंद्व और सहयोग के मुद्दे निम्नलिखित में से किस विधा के लिए सर्वाधिक संगत हैं ?

(1) सांस्कृतिक नृविज्ञान
(2) शैक्षिक समाजशास्त्र
(3) राजनीति और शिक्षा
(4) मूल्य आधारित शिक्षा

**14.** शिक्षा समाजशास्त्रियों के अनुसार, शिक्षा की भूमिका में निम्नलिखित में से किस पर बल दिया जाना चाहिए ?

(1) समूहों के मध्य सामाजिक एकीकरण
(2) शिक्षा जगत के प्रतिभागियों में सांस्कृतिक भाव उत्पन्न किया जाना
(3) दलित वर्ग की सामाजिक उन्नति (गतिशीलता)
(4) शिक्षकों के मूल्यों का आशोधन

**15.** शिक्षा को सामाजिक तंत्र का उप-तंत्र माना जाता है क्योंकि :

(1) इससे समाज द्वारा लोगों को प्रदान की जाने वाली आवश्यक सेवा उपलब्ध होती है ।
(2) इसकी संरचना जटिल है ।
(3) इसमें अनुकूलन के संवर्द्धन हेतु सु-परिभाषित उद्देश्य और प्रकार्य हैं ।
(4) इसमें सामाजिक लक्ष्य को अवधारित करने वाले विभिन्न अंत:क्रियात्मक संघटक शामिल हैं ।

**16.** Vertical mobility will be said to occur when :

(1) People move from rural area to urban area.

(2) People move from one social position to the other social position.

(3) People move from one position to the other superior position.

(4) People move from one place to the other place.

**17.** Which statement refers to the two way relationship between education and society ?

(1) The school is a miniature social system.

(2) The society plans to have schools.

(3) The school is a creature of society.

(4) The school is created by society to recreate itself.

**18.** The process of socialization is accelerated during adolescence through

(a) Family orientation

(b) Religious affiliation

(c) The school system

(d) The peer group interaction

(e) Neighbourhood hospitality

Choose the correct set of answers from the following codes :

**Codes :**

(1) (a) (b) (c)

(2) (b) (e) (a)

(3) (a) (c) (d)

(4) (c) (b) (e)

**19.** A school principal organizes a spectrum of co-curricular activities so that the maximum participation of students and teachers is ensured. Which of the following values will get optimally encouraged through such interventions ?

(1) Religious values

(2) Moral values

(3) Democratic values

(4) Scientific values

**20.** Changes in society which manifest ideas, values and literature may be called

(1) Non-material changes

(2) Ornamental changes

(3) Cosmopolitan changes

(4) Material changes

**16.** किस स्थिति में कहा जाएगा कि ऊर्ध्वाधर गतिशीलता हुई है :

(1) जब लोग ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में आते हैं ।

(2) जब लोगों की सामाजिक स्थिति में बदलाव आता है ।

(3) जब लोग किसी एक स्थिति से वरीय स्थिति में आते हैं ।

(4) जब लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर चले जाते हैं ।

**17.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन शिक्षा और समाज के मध्य परस्पर संबंध को दर्शाता है ?

(1) विद्यालय सामाजिक तंत्र का लघुरूप है ।

(2) समाज विद्यालयों के निर्माण हेतु योजना बनाता है ।

(3) विद्यालय समाज को रचने वाला है ।

(4) समाज द्वारा विद्यालय का सृजन इसके स्वयं पुन:सृजन होने के निमित्त है ।

**18.** किशोरावस्था में समाजीकरण की प्रक्रिया को निम्नलिखित में से किसके माध्यम से बढ़ावा मिलता है ?

(a) पारिवारिक परिबोधन

(b) धार्मिक संबद्धता

(c) विद्यालय प्रणाली

(d) मित्रमंडली अंत:क्रिया

(e) पड़ोस मेहमानवाजी

निम्नलिखित कूट में से सही विकल्प चुनिए :

**कूट :**

(1) (a) (b) (c) (2) (b) (e) (a)

(3) (a) (c) (d) (4) (c) (b) (e)

**19.** किसी विद्यालय का प्राचार्य पाठ्यक्रम से संबंधित बहुत से क्रियाकलाप का आयोजन करता है ताकि विद्यार्थियों और शिक्षकों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जा सके । ऐसे हस्तक्षेप के माध्यम से निम्नलिखित में से किन मूल्यों को इष्टतम बढ़ावा मिलेगा ?

(1) धार्मिक मूल्य (2) नैतिक मूल्य

(3) लोकतांत्रिक मूल्य (4) वैज्ञानिक मूल्य

**20.** विचार, मूल्य और साहित्य को प्रदर्शित करने वाले परिवर्तन को निम्नलिखित में से किसकी संज्ञा दी जा सकती है ?

(1) अभौतिक परिवर्तन (2) आलंकारिक परिवर्तन

(3) विश्वव्यापी परिवर्तन (4) यथार्थपरक परिवर्तन

**21.** In the context of social development which of the following stages is characterized by 'Intense self Awareness' ?

(1) Infancy (2) Childhood

(3) Adolescence (4) Adulthood

**22.** Which of the following is the characteristic feature of the emotional development during adolescence ?

(1) Jealously towards brothers / sisters in the family and peers in the school.

(2) Conflicts in motivations.

(3) Showing curiosity towards environmental objects.

(4) Tendency to evince worries in respect of school or personal related matters.

**23.** Which of the following subordinate laws of learning developed by Thorndike is related to classical conditioning of Pavlov ?

(1) Multiple response

(2) Prepotency of elements

(3) Associative shifting

(4) Response by analogy

**24.** Match the two sets by selecting the correct code :

| **Set-I**<br>**(Types of Conditioning)** | **Set-II**<br>**(Temporal relations between CS and US)** |
|---|---|
| (a) Forward conditioning | (i) US precedes CS |
| (b) Simultaneous conditioning | (ii) CS and US commence and terminate at the same time |
| (c) Trace conditioning | (iii) CS precedes US |
| (d) Backward conditioning | (iv) US is presented after the termination of CS |
| | (v) US is presented with delay |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**21.** सामाजिक विकास के संदर्भ में निम्नलिखित में से किस अवस्था की विशेषता 'तीव्र-आत्म अभिज्ञता' है ?

(1) शैशवावस्था (2) बाल्यावस्था

(3) किशोरावस्था (4) प्रौढ़ावस्था

**22.** किशोरावस्था के दौरान संवेगात्मक विकास की लाक्षणिक विशेषता निम्नलिखित में से कौन सी है ?

(1) परिवार में भाइयों/बहिनों के प्रति और स्कूल में समकक्षों के प्रति ईर्ष्या

(2) अभिप्रेरणाओं में द्वन्द्व

(3) पर्यावरण से संबंधित वस्तुओं के प्रति जिज्ञासा प्रदर्शित करना ।

(4) स्कूल अथवा व्यक्तिगत मामलों के बारे में चिन्ता व्यक्त करने की प्रवृत्ति ।

**23.** निम्नलिखित में से थॉर्नडाइक द्वारा विकसित अधिगम के कौन से अधीनस्थ नियम पावलॉव के क्लासिकी अनुबंधन से संबंधित हैं ?

(1) बहु अनुक्रिया

(2) तत्त्वों की प्रबलता

(3) साहचर्यात्मक अंतरण

(4) सादृश्य द्वारा अनुक्रिया

**24.** सही कूट का चयन कर दोनों सूचियों का मिलान करें :

| **सूची-I (अनुबंधन का प्रकार)** | **सूची-II (अनुबंधित उद्दीपकों (सी.एस.) और अनानुबंधित उद्दीपकों (यू.एस.) के बीच कालिक संबंध)** |
|---|---|
| (a) अग्रवर्ती अनुबंधन | (i) यू.एस., सी.एस. से पहले आता है । |
| (b) सह-सामयिक अनुबंधन | (ii) सी.एस. और यू.एस. एक साथ प्रारम्भ और समाप्त होते हैं । |
| (c) चिह्न अनुबंधन | (iii) सी.एस., यू.एस. से पहले आता है । |
| (d) पश्चवर्ती अनुबंधन | (iv) सी.एस. समाप्त होने के पश्चात् यू.एस. प्रस्तुत किया जाता है । |
| | (v) यू.एस. विलम्ब से प्रस्तुत किया जाता है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (v) |
| (4) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |

**25.** In the following two sets, Set-I gives the stages of cognitive development as given by Piaget and Set-II provides the important features which denote the cognitive growth. Match the two by selecting the correct code :

| **Set-I (Stage of cognitive development)** | **Set-II (Main features of cognitive growth)** |
|---|---|
| (a) Sensory motor stage | (i) Ability to comprehend reversibility |
| (b) Preoperational stage | (ii) Hypothesis making and hypothesis testing |
| (c) Concrete operational stage | (iii) Object permanence |
| (d) Formal operational stage | (iv) Transductive reasoning |
| | (v) Critical thinking |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (4) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**26.** In which of the following operant conditioning procedures the training arrangement insists the presence of a cue and making of a response to get negatively reinforced ?

(1) Escape training
(2) Punishment training
(3) Omission training
(4) Active avoidance training

**27.** Which of the following list reflects the basis for Tolman's sign gestalt learning. Select from the code :

(i) Experiments on maze learning
(ii) Place learning experiment
(iii) Reward expectancy experiment
(iv) Habit family hierarchy
(v) Latent learning experiment

**Code :**

(1) (ii), (iv) and (v)
(2) (i), (ii) and (iii)
(3) (ii), (iii) and (v)
(4) (ii), (iii) and (iv)

**28.** In which of the following teaching-learning presentations, shaping of a response is called for ?

(1) Lecturing with examples
(2) Discussions with buzz sessions
(3) Programmed learning with individualisation
(4) PowerPoint presentation with a scope for interaction

**25.** निम्नलिखित दो सूचियों में से सूची-I में पियाजे द्वारा बनायी गई संज्ञानात्मक विकास की अवस्थाएँ दी गई हैं और सूची-II में संज्ञानात्मक विकास को प्रदर्शित करने वाली महत्त्वपूर्ण विशेषताएँ दी गई हैं । सही कूट का चयन करें और दोनों सूचियों का मिलान करें :

| **सूची-I (संज्ञानात्मक विकास की अवस्था)** | **सूची-II (संज्ञानात्मक विकास की मुख्य विशेषताएँ)** |
|---|---|
| (a) संवेदी प्रेरक अवस्था | (i) प्रत्यावर्तन को समझने की योग्यता |
| (b) पूर्व संक्रियात्मक अवस्था | (ii) परिकल्पना करना और परिकल्पना परीक्षण करना |
| (c) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था | (iii) वस्तु स्थायित्व |
| (d) रूप संक्रियात्मक अवस्था | (iv) पारनिगमनात्मक तर्क |
| | (v) समीक्षात्मक चिंतन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (v) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (v) |
| (4) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**26.** निम्नलिखित में से कौन सी क्रिय-प्रसूत अनुबंधन की पद्धतियों के अंतर्गत नकारात्मक प्रबलन प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण व्यवस्था में संकेत की उपस्थिति में अनुक्रिया व्यक्त करने पर बल दिया जाता है ?

(1) पलायन प्रशिक्षण
(2) दण्ड प्रशिक्षण
(3) अकर्म प्रशिक्षण
(4) परिहार प्रशिक्षण

**27.** निम्नलिखित में से कौन सी सूची टॉलमेन के चिह्न गेस्टाल्ट अधिगम (साइन गेस्टाल्ट लर्निंग) का आधार प्रदर्शित करती है ? कूट में से चयन करें :

(i) व्यूह अधिगम पर प्रयोग
(ii) स्थान अधिगम पर प्रयोग
(iii) पुरस्कार प्रत्याशा प्रयोग
(iv) आदत परिवार पदानुक्रम
(v) अव्यक्त अधिगम का प्रयोग

**कूट :**

(1) (ii), (iv) और (v)
(2) (i), (ii) और (iii)
(3) (ii), (iii) और (v)
(4) (ii), (iii) और (iv)

**28.** निम्नलिखित में कौन से शिक्षण-अधिगम प्रस्तुतीकरण में व्यवहार-रचना के लिए अपेक्षित है ?

(1) उदाहरण सहित व्याख्यान
(2) लघुवार्ता सत्र सहित चर्चा
(3) वैयक्तिकीकरण सहित अभिक्रमित अधिगम
(4) अंत:क्रिया के लिए अवसर सहित पावर-प्वाइंट प्रस्तुतीकरण

**29.** In Skinner's view secondary reinforces are derived when associated with

(1) Neutral stimulus
(2) Positive stimulus
(3) Negative stimulus
(4) Either positive or negative stimulus

**30.** Match the two sets and choose the correct answer from the code given :

| **Set-I** **(Theory of personality advocated by)** | **Set-II** **(The main concept stressed)** |
|---|---|
| (a) Psychoanalytic theory of Freud | (i) Traits of personality are influenced by both environment and inheritance |
| (b) Psychological types of Jung | (ii) Traits of personality are indicative of a neuro-psychic structure expressed through modes of behaviour |
| (c) Allport's theory of personal disposition | (iii) Traits represent two extreme points on a scale rather than two types |
| (d) Cattel's theory of surface and source traits | (iv) Traits are expressive of a life style |
| | (v) Personality traits represent a cathexix of either 'life urge' or 'death urge'. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (4) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |

**31.** Brainstorming procedures are helpful specially for which category of children ?

(1) Gifted children
(2) Backward children
(3) Creative children
(4) Mentally retarded children

**32.** Which set of statements best describes the process of adjustment in the context of education ? Select the code for giving your answer :

(i) Adjustment is the outcome of the individual's efforts to deal with stress.
(ii) Adjustment is directed at changing others.
(iii) For defining adjustment the reciprocal influence between a person and his/her social group has to be emphasized.
(iv) Adjustment is a continuous process of satisfying one's needs.
(v) Adjustment is a kind of mentoring.
(vi) In adjustment both individual and his/her environment undergo a change.

**Codes :**

(1) (i), (iii), (iv) and (vi)
(2) (i), (ii), (iii) and (iv)
(3) (ii), (iii), (iv) and (v)
(4) (iii), (iv), (v) and (vi)

**29.** स्किनर के विचार से निम्नलिखित में से किसके साथ सम्बद्ध होने पर गौण-प्रबलकों की व्युत्पत्ति होती है ?

(1) तटस्थ उद्दीपक
(2) सकारात्मक उद्दीपक
(3) नकारात्मक उद्दीपक
(4) सकारात्मक उद्दीपक अथवा नकारात्मक उद्दीपक

**30.** नीचे दी गई दोनों सूचियों का मिलान कर दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची-I (व्यक्तित्व सिद्धान्त प्रतिपादक)** | **सूची-II (जिस मुख्य अवधारणा पर बल दिया गया)** |
|---|---|
| (a) फ्रायड का मनोविश्लेषणात्मक सिद्धान्त | (i) व्यक्तित्व के विशेषक वातावरण और वंशानुक्रम दोनों से प्रभावित होते हैं । |
| (b) युंग के मनोवैज्ञानिक प्रकार | (ii) व्यक्तित्व के विशेषक व्यवहार पद्धति के माध्यम से व्यक्त मनोस्नाविक संरचना के प्रदर्शक होते हैं । |
| (c) अलपॉर्ट का व्यक्तिगत विन्यास सिद्धान्त | (iii) विशेषक दो प्रकारों के बजाय पैमाने में दो चरम बिन्दुओं के बोधक हैं । |
| (d) कटेल का पृष्ठ एवं मूल विशेषक सिद्धान्त | (iv) विशेषक जीवन शैली को व्यक्त करने वाले होते हैं । |
| | (v) व्यक्तित्व के विशेषक 'जिजीविषा' अथवा 'मुमूर्षा' के अभिनिवेश के बोधक हैं । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (3) | (iv) | (v) | (iii) | (i) |
| (4) | (v) | (iii) | (ii) | (i) |

**31.** विचारावेश प्रक्रियाएँ विशेषकर किस श्रेणी के बालकों के लिए सहायक होती हैं ?

(1) प्रतिभाशाली बालकों के लिए
(2) पिछड़े बालकों के लिए
(3) सृजनशील बालकों के लिए
(4) मंदबुद्धि बालकों के लिए

**32.** शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों का कौन सा समुच्चय समायोजन का सबसे अच्छे रूप में वर्णन करता है ? अपना उत्तर देने के लिए सही कूट का चयन करें :

(i) समायोजन तनाव का सामना करने के लिए व्यक्ति के प्रयासों का परिणाम है ।
(ii) समायोजन दूसरों में परिवर्तन लाने के लिए निदेशित होता है ।
(iii) समायोजन को परिभाषित करने के लिए व्यक्ति और उसके सामाजिक समूह के बीच परस्पर प्रभाव पर बल देना होता है ।
(iv) समायोजन किसी व्यक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने वाली एक सतत प्रक्रिया है ।
(v) समायोजन एक प्रकार का परामर्श प्रदान करता है ।
(vi) समायोजन में व्यक्ति और उसके परिवेश दोनों में ही परिवर्तन होता है ।

**कूट :**

(1) (i), (iii), (iv) और (vi)
(2) (i), (ii), (iii) और (iv)
(3) (ii), (iii), (iv) और (v)
(4) (iii), (iv), (v) और (vi)

**33.** Match the two sets, Set-I theories of intelligence and Set-II the special emphasis given in explaining and measuring intelligence. Choose the correct code for indicating your answer:

| **Set-I (Theory of Intelligence)** | **Set-II (Special emphasis given)** |
|---|---|
| (a) Guilford's structure of intellect theory | (i) Associative thinking and self-motivation |
| (b) Vernon's hierarchical structure theory | (ii) Capacity to transcend |
| (c) Gardner's multiple and emotional intelligence theory | (iii) General, broad and specific factors linked with ability |
| (d) Daniel Goleman's emotional intelligence theory | (iv) Abilities can be nurtured and developed |
| | (v) Abilities can be explained through basic mental processes, specific contents and products |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |

**34.** Which concept of intelligence addresses the problem of meaning and value ?

(1) Academic Intelligence (IQ)
(2) Emotional Intelligence (EQ)
(3) Spiritual Intelligence (SQ)
(4) Cultural Intelligence (CQ)

**35.** **Assertion (A) :** In order to be able to present learning materials in a systematic manner and to promote group learning a teacher's IQ and EQ must be high.

**Reason (R) :** IQ of an individual contributes to being systematic while EQ helps in understanding group needs.

Which of the following options is correct ?

(1) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct reason for of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct reason for of (A).
(3) Both (A) and (R) are false.
(4) (R) is true, but it cannot be the reason for (A).

**33.** निम्नलिखित दोनों सूचियों का मिलान करें । सूची-I में बुद्धि के सिद्धान्त दिए गए हैं और सूची-II में बुद्धि की व्याख्या और मापन करने पर विशेष बल दिया गया है । अपना उत्तर देने के लिए सही कूट का चयन करें :

| | **सूची-I (बुद्धि का सिद्धान्त)** | | **सूची-II (विशेष बल दिया जाना)** |
|---|---|---|---|
| (a) | गिलफोर्ड का बुद्धि संरचना सिद्धान्त | (i) | साहचर्यात्मक चिंतन और स्व-अभिप्रेरण |
| (b) | वर्नन का अधिक्रमित संरचना सिद्धान्त | (ii) | पराचिंतन की क्षमता |
| (c) | गार्डनर का बहु विमात्मक और भावात्मक बुद्धि सिद्धान्त | (iii) | योग्यता के साथ जुड़े हुए सामान्य, व्यापक और विशिष्ट कारक |
| (d) | डेनियल गोलमैन का भावात्मक बुद्धि सिद्धान्त | (iv) | योग्यताएँ पोषित और विकसित की जा सकती हैं । |
| | | (v) | मूलभूत मानसिक प्रक्रियाओं, विशिष्ट विषयवस्तु और उत्पादों के माध्यम से योग्यताओं की व्याख्या की जा सकती है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (v) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (v) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (v) |

**34.** निम्नलिखित में से कौन सी बुद्धि की अवधारणा अर्थ और मूल्य की समस्या का समाधान करती है ?

(1) शैक्षिक बुद्धि (IQ)
(2) भावात्मक बुद्धि (EQ)
(3) आध्यात्मिक बुद्धि (SQ)
(4) सांस्कृतिक बुद्धि (CQ)

**35.** **अभिकथन (A) :** अधिगम सामग्री को व्यवस्थित तरीके से प्रदर्शित करने एवं समूह अधिगम को बढ़ावा देने के लिए शिक्षक की भावात्मक बुद्धि और शैक्षिक बुद्धि उच्च होनी चाहिए ।

**तर्क (R) :** किसी व्यक्ति की शैक्षिक बुद्धि उसे व्यवस्थित होने में जबकि भावात्मक बुद्धि समूह की आवश्यकताओं को समझने में योगदान करती है ।

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ?

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) का सही तर्क नहीं है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही तर्क है ।
(3) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।
(4) (R) सही है, परन्तु यह (A) की व्याख्या हेतु तर्क नहीं हो सकता है ।

**36.** Which of the following questions will belong to qualitative research ?

a. What is the impact of RTE Act on attendance of elementary school children ?

b. Why do parents not participate in PTA meetings ?

c. How to assess the competency level of school teachers ?

d. Why students of a particular community out number as dropouts ?

e. How to assess the verbal ability of elementary school children ?

**Codes :**

(1) a and d (2) c and e

(3) d and e (4) b and d

**37.** The methodology section in a quantitative research paradigm-based article contains

(1) Participants, materials, instruments

(2) Participants, procedures, materials

(3) Instruments, procedures, data analysis

(4) Participants, instruments, procedures

**38.** "_____ assesses the sufficiency of the data according to the convergence of multiple data sources or multiple data collection procedure." Identify the term referred to above.

(1) Multivariate analysis (2) Meta analysis

(3) Contexualization (4) Triangulation

**39.** In educational research, case study method gives importance to :

(1) Prediction (2) Causal connections

(3) Generalization (4) Unique characteristics

**40.** Percentile scores assume a scale of measurement called

(1) Nominal scale (2) Ordinal scale

(3) Interval scale (4) Ratio scale

**41.** The purpose of methodology section of qualitative studies is to

(1) show how researcher interpretations will be made

(2) present the focus of the study

(3) provide general background of the study

(4) describe the overall design of the study

**36.** निम्नलिखित में से कौन से प्रश्न गुणात्मक अनुसंधान से संबंधित हैं ?

a. प्रारंभिक विद्यालय के बालकों की उपस्थिति पर 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' का क्या प्रभाव है ?

b. अभिभावक शिक्षक संघ की बैठकों में अभिभावक भाग क्यों नहीं लेते हैं ?

c. स्कूल शिक्षकों के सक्षमता-स्तर का आकलन किस प्रकार किया जाना चाहिए ?

d. किसी विशेष समुदाय के छात्रों द्वारा अपेक्षाकृत अधिक संख्या में पढ़ाई बीच में छोड़ने का क्या कारण है ?

e. प्रारंभिक विद्यालय के बालकों की शाब्दिक योग्यता का मूल्यांकन किस प्रकार किया जाना चाहिए ?

**कूट :**

(1) a और d (2) c और e

(3) d और e (4) b और d

**37.** मात्रात्मक अनुसंधान प्रतिमान आधारित लेख के विधि अनुभाग में सम्मिलित होते हैं

(1) प्रतिभागी, सामग्री, उपकरण

(2) प्रतिभागी, पद्धतियाँ, सामग्री

(3) उपकरण, पद्धतियाँ, प्रदत्त विश्लेषण

(4) प्रतिभागी, उपकरण, पद्धतियाँ

**38.** "______ प्रदत्तों के अनेक स्रोतों अथवा प्रदत्त संग्रह की अनेक पद्धतियों को मिलाकर प्रदत्तों की पर्याप्तता का आकलन करता है ।" ऊपर संदर्भित शब्द की पहचान करें –

(1) बहुचरीय विश्लेषण (2) परा विश्लेषण

(3) संदर्भीकरण (4) त्रिभुजीकरण

**39.** शैक्षिक अनुसंधान के अंतर्गत व्यष्टि-अध्ययन विधि में निम्नलिखित में से किसे महत्त्व दिया जाता है ?

(1) पूर्वानुमान (2) कारण-कार्य संबंध

(3) सामान्यीकरण (4) अनुपम विशेषताएँ

**40.** प्रतिशतांकों में अपनाया जाने वाला मापन का मान कहलाता है

(1) नामित मापनी (2) क्रमिक मापनी

(3) अंतराल मापनी (4) अनुपात मापनी

**41.** गुणात्मक अध्ययन के विधि-अनुभाग का प्रयोजन निम्नलिखित में से क्या है ?

(1) यह प्रदर्शित करना कि अनुसंधानकर्ता किस प्रकार व्याख्या करेगा ।

(2) अध्ययन के केन्द्र बिंदु को प्रस्तुत करना ।

(3) अध्ययन की सामान्य पृष्ठभूमि उपलब्ध कराना ।

(4) अध्ययन के समग्र अभिकल्प का वर्णन करना ।

**42.** Internal reliability in qualitative research design refers to

(1) Information selection

(2) Inter observer reliability

(3) Extent to which the results approximate the reality

(4) Accuracy of measures

**43.** Set I contains certain descriptor statements and Set II, sources of literature review. Match Set I and Set II and select the suitable code :

| **Set-I (Descriptor)** | | **Set-II (Source)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Articles in educational research and professional journals | (i) | Resources in education |
| (b) | Reporting literature in the ERIC system | (ii) | Encyclopaedia, handbooks or annuals |
| (c) | Status of knowledge in respect of selected areas of research | (iii) | Current index of journals in education |
| (d) | Description and review of commercially published documents for use by researchers | (iv) | Mental measurements year book |
| | | (v) | School records |
| | | (vi) | Manual of psychological tests |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (vi) |
| (2) | (iii) | (v) | (iv) | (vi) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (vi) | (i) | (iv) | (ii) |

**44.** In a normal distribution, the plus one standard deviation corresponds to which percentile ?

(1) $34^{th}$ (2) $60^{th}$

(3) $84^{th}$ (4) $75^{th}$

**45.** Regarding a research hypothesis, which of the following combinations is <u>not</u> correct ?
A research hypothesis

a. is more specific than a problem statement.

b. is supported or not supported by theory.

c. is a statement including the participants of the study.

d. relates variables that can be measured, manipulated or categorized.

e. is the same as a statistical hypothesis.

**Codes :**

(1) a and b (2) b and e

(3) c and e (4) d and b

**42.** गुणात्मक अनुसंधान अभिकल्प में आंतरिक विश्वसनीयता का अर्थ है

(1) सूचना का चयन

(2) अन्तर-पर्यवेक्षक विश्वसनीयता

(3) परिणाम जिस सीमा तक यथार्थ के नजदीक हैं ।

(4) मापनों की विशुद्धता

**43.** सूची-I में कतिपय निरूपक कथन दिए गए हैं और सूची-II में साहित्य समीक्षा के स्रोत दिए गए हैं । सूची-I का सूची-II से मिलान कर उपयुक्त कूट का चयन करें :

| **सूची-I (निरूपक)** | **सूची-II (स्रोत)** |
|---|---|
| (a) शैक्षिक अनुसंधान और व्यावसायिक पत्रिकाओं में लेख | (i) शिक्षा में संसाधन |
| (b) ऐरिक प्रणाली में रिपोर्टिंग साहित्य | (ii) विश्वकोश, पुस्तिकाएँ और वार्षिक रिपोर्ट |
| (c) अनुसंधान के चयनित क्षेत्रों के संबंध में ज्ञान की स्थिति | (iii) शैक्षिक पत्रिकाओं की वर्तमान सूची |
| (d) अनुसंधानकर्ताओं के उपयोग हेतु वाणिज्यिक रूप से प्रकाशित दस्तावेजों का विवरण और समीक्षा | (iv) मानसिक मापन वार्षिकी |
| | (v) स्कूल अभिलेख |
| | (vi) मनोवैज्ञानिक परीक्षणों का मैनुअल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (vi) |
| (2) | (iii) | (v) | (iv) | (vi) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (vi) | (i) | (iv) | (ii) |

**44.** सामान्य वितरण में धनात्मक एक प्रामाणिक विचलन (प्लस वन प्रामाणिक विचलन) निम्नलिखित में किस प्रतिशतांक के बराबर होता है ?

(1) 34वाँ (2) 60वाँ

(3) 84वाँ (4) 75वाँ

**45.** अनुसंधान की परिकल्पना के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही <u>नहीं</u> है ?

एक अनुसंधान परिकल्पना

a. समस्या कथन की तुलना में अधिक विशिष्ट होती है ।

b. किसी सिद्धान्त द्वारा समर्थित अथवा समर्थित नहीं होती है ।

c. एक कथन है जिसमें अध्ययन के प्रतिभागी सम्मिलित होते हैं ।

d. ऐसे चरों का संबंध बताती है जिनका मापन, हेर-फेर और वर्गीकरण किया जा सकता है ।

e. सांख्यिकीय परिकल्पना से अभिन्न होती है ।

**कूट :**

(1) a और b (2) b और e

(3) c और e (4) d और b

**46.** The Phi-Coefficient is related to tetrachoric 'γ' in the same manner as point – biserial is related to

(1) Contingency Coefficient (c)
(2) biserial (γ)
(3) Product moment (γ)
(4) Eta coefficient

**47.** In a study the significance of difference between means was tested through use of a 't' test for a large group. The value of 't' being 2.10, what will be the decision warranted in respect of $H_0$ (Null hypothesis) ?

(1) The $H_0$ will be retained.
(2) The $H_0$ will be rejected at 0.01 level of significance.
(3) The $H_0$ will be rejected at 0.05 level of significance only.
(4) The $H_0$ will be rejected at both the levels of significance.

**48.** For use of a non-parametric test like the chi-square, which of the following assumptions has to be satisfied ?

(1) The data should arise from interval measures.
(2) The distribution has to be normal.
(3) No assumption about the nature of distribution is required.
(4) The variables under reference must be dichotomous.

**49.** A researcher finds out the relationship between three variables such as academic achievement, intelligence and socio-economic status of children using Pearson's product moment 'γ'. As per objective of his/her study the relationship between academic achievement and intelligence is also to be estimated by controlling the influence of socio-economic status. Which statistical technique will be appropriate in this context ?

(1) Finding out multiple correlation
(2) Finding out correlation ratio
(3) Estimating contingency coefficient via chi-square
(4) Finding out partial correlation

**50.** For computation of 'F' value in one way Anova, what is the final procedural step ?

(1) Finding out the within sum of squares
(2) Finding out the between sum of squares
(3) Finding out the ratio of within and between sum of squares
(4) Finding out the ratio of between and within variance

**46.** फाई-गुणांक जिस प्रकार चतुष्कोटिक '$\gamma$' से संबंधित है उसी प्रकार बिन्दु द्विक्रमिक संबंधित है

(1) परस्पर निर्भरता गुणांक ('c') से
(2) द्विक्रमिक ($\gamma$) से
(3) गुणन आघूर्ण ($\gamma$) से
(4) ईटा-गुणांक से

**47.** एक अध्ययन में दो मध्यमानों के बीच अन्तर की सार्थकता की जाँच एक बड़े समूह के लिए 't' परीक्षण का उपयोग कर की गई है । 't' का मान 2.10 है, तो शून्य परिकल्पना $H_0$ के संबंध में क्या निर्णय लिया जाएगा ?

(1) $H_0$ शून्य परिकल्पना को स्वीकार कर लिया जाएगा ।
(2) $H_0$ शून्य परिकल्पना को सार्थकता के .01 स्तर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा ।
(3) $H_0$ शून्य परिकल्पना को सार्थकता के केवल .05 स्तर पर अस्वीकार किया जाएगा ।
(4) $H_0$ शून्य परिकल्पना को सार्थकता के दोनों स्तरों पर अस्वीकार किया जाएगा ।

**48.** काई-स्क्वेयर जैसे अपरमितिक परीक्षण के उपयोग हेतु निम्नलिखित में से कौन सी मान्यताएँ संतुष्ट होनी चाहिए ?

(1) प्रदत्त, अंतराल मापनी से लिए जाने चाहिए ।
(2) वितरण सामान्य होना चाहिए ।
(3) वितरण की प्रकृति के बारे में कोई मान्यता अपेक्षित नहीं होती है ।
(4) संदर्भित चर द्विविभाजित होना चाहिए ।

**49.** एक अनुसंधानकर्ता पियर्सन के गुणन आघूर्ण '$\gamma$' का प्रयोग करते हुए तीन चरों जैसे बालकों की शैक्षिक उपलब्धि, बुद्धि और सामाजिक-आर्थिक स्तर के बीच संबंध का पता लगाता है । उसके अध्ययन के उद्देश्य के अनुसार सामाजिक-आर्थिक स्तर के प्रभाव को नियंत्रित कर शैक्षिक उपलब्धि और बुद्धि के बीच संबंध का भी अनुमान लगाना है । तो इस संदर्भ में कौन सी सांख्यिकीय विधि उपयुक्त होगी ?

(1) बहु सह-संबंध ज्ञात करना ।
(2) सह-संबंध अनुपात ज्ञात करना ।
(3) काई-स्क्वेयर द्वारा परस्पर निर्भरता गुणांक का अनुमान लगाना ।
(4) आंशिक सह-संबंध ज्ञात करना ।

**50.** एकल चरता विश्लेषण विधि (एनोवा) में 'F' का मान ज्ञात करने की विधि का अंतिम चरण क्या है ?

(1) भीतरी वर्गों का योग ज्ञात करना ।
(2) मध्य वर्गों का योग ज्ञात करना ।
(3) भीतरी वर्गों के योग और मध्य वर्गों के योग का अनुपात ज्ञात करना ।
(4) मध्य चरता एवं भीतरी चरता का अनुपात ज्ञात करना ।

**Space For Rough Work**